## संपादकीय


# लेकिन समाधान क्या है?

अगर ये धारणा बन गई हो कि ये सारा प्रोजेक्ट सत्ता के संरक्षण में चलाया जा रहा है, तो फिर इसका क्या समाधान होगा, इसे सोच पाना आसान नहीं है। बहरहाल, खास घटनाओं में अवश्य ही न्यायपालिका जल्द सुनवाई कर और उचित सजा देकर मिसाल कायम कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने सटीक बात कही है। अदालत ने कहा कि देश का माहौल हेट स्पीच (नफरत भरी बातों) के कारण खराब हो रहा है। ऐसी भडक़ाऊ बयानबाजी पर अंकुश लगाने की जरूरत है। यह टिप्पणी भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित ने उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अल्पसंख्यकों का नरसंहार करने और भारत को 2024 के चुनाव के पहले हिंदू राष्ट्र बनाने जैसे नफरत भरे भाषण दिए जा रहे हैं। इस आरोप से जस्टिस ललित और जस्टिस एस रवींद्र भट की बेंच सहमति जताई। कहा- नफरत भरे भाषणों के कारण पूरा माहौल खराब हो रहा है। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि कुछ राजनीतिक दलों द्वारा नफरती भरे भाषणों को लाभदायक व्यवसाय में बदल दिया गया है और सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पीठ ने कहा कि नफरत भरे भाषणों के 58 मामले उसके सामने आए हैं। इसलिए अदालत को एक अस्पष्ट विचार देने के बजाय, याचिकाकर्ता इनकी ठोस स्थिति की जानकारी कोर्ट के सामने रखनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे मामलों में संज्ञान लेने के लिए अदालत को तथ्यों की जरूरत है।

कानून के अपने तकाजे होते हैं, इसलिए मुख्य न्यायाधीश की बातों से सहमति जताई जा सकती है। मगर ऐसे भाषण आज इतने आम और रोजमर्रा की बात हो गए हैं कि उनके बारे में तथ्य जुटाना कोई मुश्किल काम नहीं है। सवाल यह है कि ऐसे मामलों में न्यायपालिका किस हद तक जा सकती है। अगर ये धारणा बन गई हो कि ये सारा प्रोजेक्ट सत्ता के संरक्षण में चलाया जा रहा है, तो फिर इसका क्या समाधान होगा, इसे सोच पाना आसान नहीं है। बहरहाल, खास घटनाओं में अवश्य ही न्यायपालिका जल्द सुनवाई कर और उचित सजा देकर मिसाल कायम कर सकती है। इस लिहाज से यह स्वागतयोग्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और उत्तराखंड की सरकारों को दो अलग-अलग विवादित धार्मिक आयोजनों के मामले में उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। आरोप है कि इन आयोजनों में कथित रूप से नफरत भरे भाषण दिए गए थे।

# सितंबर में 4.82 प्रतिशत बढ़ा निर्यात, व्यापार घाटा बढ़कर 25.71 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार भारत का वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात सितंबर 2022 माह में सालाना आधार पर 4.82 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 35.45 अरब डॉलर और आयात 8.66 प्रतिशत बढक़र 61.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह के दौरान व्यापार घाटा भी बढक़र 25.71 अरब डॉलर हो गया। सितंबर 2022 में भारत का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं सहित) 61.10 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 10.24 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि सितंबर 2022 में कुल आयात (वस्तुओं और सेवाओं को मिला कर ) अरब 76.26 बिलियन होने का अनुमान है, जो सितंबर 2021 की तुलना में 10.73 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।

आंकड़ों के अरनुसार अप्रैल-सितंबर 2022 के बीच देश से वस्तु निर्यात 231.88 अरब डॉलर रहा, जो 2021 में इसी अवधि के दौरान हुए 198.25 अरब डॉलर के निर्यात से 16.96 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्शाता है। इसी दौरान वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात 380.34 रहा, जो एक वर्ष पहले की इसी अवधि में 274.50 अरब डॉलर के आयात के मुकाबले 38.55 फीसदी अधिक है।

भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद ( ईईपीसी इंडिया ) के अध्यक्ष श्री अरुण गरोडिया ने निर्यात-आयात के इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा, नवीनतम व्यापार आंकड़ों से पता चलता है कि इंजीनियरिंग सामान निर्यात सितंबर 2022 में सालाना आधार पर लगभग 11 प्रतिशत घटकर 8.39 अरब डॉलर रहा। यह गिरावट मुख्य रूप से कुछ उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मंदी और चीन में कोविड से संबंधित प्रतिबंधों के प्रभाव को दर्शाती है। यह देखते हुए कि विश्व बैंक और आईएमएफ जैसी विभिन्न एजेंसियों ने चालू वर्ष के लिए और अगले वर्ष भी विश्व अर्थव्यवस्था के आर्थिक वृद्धि के के अनुमानों में कटौती की है, निश्चित रूप से समग्र वैश्विक व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा।

निर्यात संघों के महासंघ फियो के अध्यक्ष डॉ. ए. शक्तिवेल ने एक बयान में कहा कि सितंबर माह में पेट्रोलियम उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक सामान, रत्न और आभूषण, दवाओं और सहित 17 प्रमुख उत्पाद श्रेणियों के निर्यात प्रदर्शन से कुल मिला का वाणिज्यक निर्यात में वृद्धि दर्ज की गयी। फार्मास्यूटिकल्स, जैविक और अकार्बनिक रसायन और कृषि उत्पादों के निर्यात में सुधार रहा।

उन्होंने कहा कि रत्न और आभूषण और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में वृद्धि के अच्छे संकेत दिखे हैं और इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में निरंतर मजबूती दिख रही है।

फियो अध्यक्ष ने कहा कि जब तक कि विश्व में भू-राजनीतिक स्थिति में बड़ा सुधार नहीं होता, आने वाले कुछ महीने काफी चुनौतीपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि आने वाले महीनों में ऊर्जा की कीमतों में और कमी आएगी, जिससे हमें व्यापार घाटे पर और राहत मिलेगी।

# रिलायंस जियो नेटवर्क औसत 4जी डाउनलोड रफ्तार में पहुंचा पहले नंबर पर




**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकारण (ट्राई) की ताजा रिपोर्ट के अनसार रिलायंस जियो सितंबर में 4जी नेटवर्क पर औसतन 19.1 एमबीपीएस डाउनलोड रफ्तार के साथ सबसे ऊपर रहा।

ट्राई द्वारा जारी सितंबर माह के आंकड़ों के मुताबिक जियो के 4जी नेटवर्क पर औसत डाउनलोड स्पीड 19.1 एमबीपीएस मापी गई जो अगस्त में 17.4 एमबीपीएस थी।

ट्राई के आंकड़ों के अनुसार वीआई (वोडाफोन-आइडिया) की 4जी डाउलनोड रफ्तार सितंबर में गिर कर 12.7 एमबीपीएस रह गयी, वीआई की 4जी रफ्तार फरवरी-2022 में 18.4 एमबीपीएस थी।

सितंबर में एयरटेल की डाउनलोड रफ्तार मामूली सुधार के साथ 14एमबीपीएस दर्ज की गई और वह तीसरे नंबर से खिसककर दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।

आलोच्य माह में जियो की औसत 4जी अपलोड रफ्तार 6.4 एमबीपीएस तो वीआई की रफ्तार 5.9 एमबीपीएस रही। एयरटेल और बीएसएनएल औसत 4जी अपलोड रफ्तार में एक दूसरे के बराबर 3.4 एमबीपीएस रही।

हाल में प्राइवेट फर्म ओकला ने राजधानी सहित चार शहरों की औसत 5जी स्पीड के आंकड़े जारी किए थे। जिसमें रिलायंस जियो 5जी की औसत डाउनलोड स्पीड में 600 एमबीपीएस के साथ अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी एयरटेल से ऊपर थी।

# हॉप्स को पहला प्रीमियर लीग खिताब




**नई दिल्ली।** हॉप्स फुटबॉल क्लब खेलो इंडिया दिल्ली महिला फुटबाल लीग का पहला विजेता बन गया। पहले ही खिताब जीत चुकी हॉप्स ने नेहरू स्टेडियम पर खेले गए लीग के अंतिम मुकाबले में ईन्स को 4-0 से हराकर सौ फीसदी कामयाबी के साथ विजयश्री का वरण किया।

विजेता टीम के लिए रजनी बाला ने दो जबि मोना और तन्नू ने एक-एक गोल जमाए। गढ़वाल एफसी ने उपविजेता का खिताब हासिल किया।

प्रीमियर लीग की टॉप स्कोरर हॉप्स की मोना और दिल्ली लीग के लिए अहबाब एफसी की विपसना थापा को श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया।

दिल्ली महिला सीनियर डिवीजन लीग का विजेता अहबाब क्लब बना, जिसने सुपर सिक्स में खेले गए पांच मैचों में अजेय रहते हुए 13 अंक जुटाए। दूसरे स्थान पर ईमी एफसी रहा। ईमी ने खेले गये अंतिम लीग मुक़ाबले में दिल्ली एफसी को 2-2 से ड्रा पर रोका।

# प्रधानमंत्री आज 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को करेंगे समर्पित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वित्तीय समावेशन को और ज्यादा व्यापक बनाने के एक अन्य उपाय के रूप में 16 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां (डीबीयू) राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2022-23 के बजट भाषण में देश की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश के 75 जिलों में 75 डीबीयू की स्थापना किए जाने की घोषणा की थी। डीबीयू की स्थापना डिजिटल बैंकिंग का लाभ देश के कोने-कोने तक पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है और इनके अंतर्गत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र के 11 बैंक, 12 निजी बैंक और एक लघु वित्त बैंक इस प्रयास में भाग ले रहे हैं।

ये डीबीयू ब्रिक एंड मोर्टार आउटलेट्स से संचालित की जाएंगी, जहां लोगों को बचत खाता खोलने, बैलेंस-चेक करने, पासबुक प्रिंट करने, राशि अंतरित करने, फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करने, ऋण के लिए आवेदन करने, जारी किए गए चेक के लिए स्टॉप-पेमेंट निर्देश देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड के लिए आवेदन करने, खाते का विवरण देखने, करों का भुगतान करने, बिलों का भुगतान करने, नामांकन करने, आदि जैसी विभिन्न डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

डीबीयू ग्राहकों को साल भर बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक किफायती, सुविधाजनक पहुंच और बेहतर डिजिटल अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। वे डिजिटल वित्तीय साक्षरता का प्रसार करेंगी तथा ग्राहकों को साइबर सुरक्षा जागरूकता और सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके अलावा डीबीयू द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या उसके बिजनेस फैसिलिटेटर्स/कॉरस्पोंडेंट्स के माध्यम से प्रस्तुत किए जा रहे व्यवसाय और सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने और उनको रीयलटाइम सहायता उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त डिजिटल व्यवस्थाएं होंगी।

# नेशनल टेनिस चैंपियनशिप : विष्णु वर्धन ने प्रज्वल देव को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश




**नई दिल्ली।** विष्णु वर्धन ने डीएलटीए परिसर में फेनेस्टा ओपन नेशनल टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए प्रज्वल देव को 6-2, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विष्णु दो दशकों से अधिक समय से फेनेस्टा ओपन में नियमित रूप से भाग ले रहे हैं। उन्होंने दिखाया कि उनके पास टेनिस के अपने कौशल के साथ युवा खिलाडिय़ों की बराबरी करने की क्षमता है।

विष्णु ने कहा, मुझे फेनेस्टा ओपन के लिए दिल्ली आए 23 साल से अधिक हो गए हैं। इसे पहले श्रीराम ओपन कहा जाता था और मैं यहां आकर खुश हूं। मैं और भी खुश हूं क्योंकि मैं अब पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया हूं। मैं वास्तव में यहां अपने शेष सप्ताह की प्रतीक्षा कर रहा हूं।

अगर विष्णु ने शानदार प्रदर्शन किया, तो पंजाब की 15 वर्षीय साहिरा सिंह भी किसी से कम नहीं थीं। पूजा इंगले को 7-5, 6-4 से हराकर युवा लडक़ी जोश और उत्साह से भरी हुई थी। साहिरा पहली बार फेनेस्टा ओपन में हिस्सा ले रही हैं। उन्होंने अब तक महिला वर्ग में अच्छा प्रदर्शन किया है, जहां उन्होंने अपना दूसरा दौर मैच जीता।

युवा साहिरा ने कहा, कुल मिलाकर, मैं फेनेस्टा ओपन में तीन बार खेल चुकी हूं। आज का मैच कठिन था लेकिन मैं इसे जीतने में कामयाब रही। मुझे उम्मीद है कि मेरा अगला मैच अच्छा होगा।

शीर्ष वरीयता प्राप्त वैदेही चौधरी ने स्मृति भसीन को तीन सेटों में हराया। स्मृति भसीन को 6-4, 4-6, 6-3 से हराने के लिए वैदेही को अपने अनुभव और ऊर्जा का इस्तेमाल करना पड़ा। उनकी फॉर्म भले ही उतार-चढ़ाव भरी रही हो लेकिन निर्णायक मुकाबले में वैदेही ने बड़े प्वाइंट्स को बेहतर तरीके से खेला।

वैदेही ने कहा, आज का मैच वास्तव में अच्छा था और मैं लगभग दो घंटे तक खेली। खिलाड़ी ने वास्तव में अच्छा खेला और अंत में मैं जीत गई। शीर्ष वरीयता प्राप्त मनीष सुरेश के ने यश सी को एक लंबे मैच में 6-3, 7-6 (3) से हराया।

# आत्मविश्वास से भरपूर श्रीलंका बन सकता है बड़ा खतरा : गंभीर



**कोलकाता।** आईसीसी टी-20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे गौतम गंभीर और इरफान पठान का मानना है कि हाल ही में संपन्न टी-20 एशिया कप विजेता श्रीलंका आत्मविश्वास से लबरेज है और यदि टीम सुपर-12 चरण के लिये चलीफाई करती है तो वह भारत के लिये गंभीर खतरा साबित हो सकती है।

टी-20 विश्वकप 16 अक्टूबर से शुरू होकर 13 नवम्बर तक चलेगा। टूर्नामेंट के सुपर 12 चरण में भारत को ग्रुप बी में पाकिस्तान,दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के साथ रख्खा गया है, जबकि एशिया कप विजेता श्रीलंका और दो बार की टी-20 विश्वकप विजेता वेस्टइंडीज को ग्रुप चरण के लिये चईफाई करना है। इस बात की प्रबल संभावना है कि इनमें से एक टीम ग्रुप बी में अपना स्थान बनायेगी।

स्टार स्पोर्टस के कार्यक्रम 'गेम प्लान' में गौतम गंभीर ने कहा कि विश्वकप में ग्रुप चरण में वेस्टइंडीज की तुलना में श्रीलंका भारत को अधिक चुनौती पेश कर सकता है। श्रीलंका ने अपना दमखम एशिया कप में दिखाया है। चामीरा और लहिरू कुमारा के आने से टीम और मजबूत हुयी है और टी-20 विश्वकप को लेकर उनका आत्मविश्वास निश्चित ही बढ़ा हुआ होगा।

इरफान ने कहा, यदि भारत को अंत तक ग्रुप में पहले स्थान पर रहना है तो उसे वेस्टइंडीज और श्रीलंका में से एक के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज दुनिया की किसी भी टीम को कड़ी टक्कर दे सकती है, मगर मेरा मानना है कि श्रीलंका के खिलाड़ी कैरीबियन की तुलना में अधिक चुनौती पेश कर सकते है। इसका कारण है कि उन्होंने एशिया कप में भारत को हराया है। निसंदेह उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा।

# रिया कपूर की फिल्म से वापसी करेंगी सोनम कपूर



अभिनेत्री सोनम कपूर हाल ही में मां बनी हैं। वह जीवन के इस दौर का पूरी तरह से आनंद ले रही हैं। इधर, सोनम के प्रशंसक उनकी नई फिल्म की घोषणा का भी इंतजार करने लगे हैं। लोग जानना चाहते हैं कि सोनम पर्दे पर कब और किस फिल्म के साथ वापसी करेंगी। अब सोनम के कमबैक को लेकर कुछ रिपोर्ट्स सामने आई हैं। चर्चा है कि सोनम अपनी बहन रिया कपूर की फिल्म से वापसी कर सकती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सोनम की पर्दे पर वापसी के लिए रिया के पास एक अच्छी स्क्रिप्ट है। दोनों ने इसपर चर्चा भी की है। सोनम को पता है कि प्रशंसक उनका इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल वह कम से कम छह महीने पर्दे पर वापसी नहीं करने वाली हैं। वह छह महीने बाद अपनी फिटनेस और अन्य कामों पर ध्यान देंगी। सूत्रों की मानें तो सोनम सालभर के अंदर काम पर लौटने का सोच रही हैं।

सोनम और आनंद की 2018 में शादी हुई थी। इसके बाद से सोनम ज्यादातर पति के साथ लंदन में रह रही थीं। इस साल मार्च में सोनम ने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर दी। इस दौरान वह सोशल मीडिया पर खूब ऐक्टिव रहीं और प्रेग्नेंसी से संबंधित पोस्ट करती रहीं। बीते 20 अगस्त को सोनम और आनंद एक बेटे के माता-पिता बने। उन्होंने अपने बेटे का नाम वायु रखा है। सोनम अंतिम बार 2020 में एके बनाम एके में दिखीं थीं।

# रेवती-स्टारर ऐ जिंदगी राजस्थान में हुई टैक्स फ्री



हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ऐ जिंदगी, जिसमें रेवती और सत्यजीत दुबे हैं, को राज्य सरकार द्वारा राजस्थान में कर-मुक्त घोषित किया गया है। अनिर्बान बोस द्वारा निर्देशित और शिलादित्य बोरा द्वारा निर्मित, यह फिल्म अंगदान के महत्व को जीवंत करती है और एक सच्ची कहानी पर आधारित है।

खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए, निर्माता शिलादित्य बोरा ने कहा, हम इस इशारे के लिए राजस्थान सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं। इसे कर-मुक्त बनाने से अधिक लोग यह देख सकेंगे कि अंग दान कैसे जीवन को बदल देता है और लाखों लोगों को आशा देता है जो अन्यथा इंतजार कर रहे हैं। एक अंग के लिए।अभिनेता सत्यजीत ने फिल्म में लीवर सिरोसिस से पीड़ित व्यक्ति के अपने हिस्से के अनुरूप एक महीने के भीतर अपना 10 किलो वजन कम किया।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन राहतपूर्ण रहेगा व खरीददारी कर सकती हैं। खरीदारी किए को सम्भाल सकती है। आज आपका आर्थिक व धार्मिक पक्ष मजबूत होगा। प्रेमी से उपहार मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

***वृष :*** आज आपका चंचल स्वाभाव कुछ लोगो को पसंद आयेगा। आज आप अपने व्यवसाय की गति बढ़ाने के लिए नया प्लान तैयार करेंगे। अगर आप वाहन खरीदने का योजना बना रहें तो थोड़ा रुक जायें।

***मिथुन :*** आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर सकारात्मक परिणाम मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं।

***कर्क :*** आज आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होने के योग बन रहे है। टेन्ट हाउस का व्यवसाय करने वाले लोगो के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पूराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का अवसर मिल सकता है।

***कन्या :*** आपका आज का दिन बेहतर रहेगा। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। इस राशि के व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होगा। आपके व्यापार में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि होगी।

***तुला :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन फायदा दिलाने वाला होगा। इस राशि की महिलाएं आज कोई उद्योग शुरू कर सकती है, जिसमे जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

***वृश्चिक :*** आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। अगर आप नयी जमीन लेने की योजना बना रहे हैं, तो घर के बड़ों की राय जरूर लें। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम देने वाला रहेगा।

***धनु :*** आज आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। कार्यालय में आज आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे आप बखूबी निभायेंगे।

***मकर :*** आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपको अपने गुरू की मदद से आपके करियर को नयी दिशा मिलेगी।

***कुंभ :*** आपका आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में सम्मलित होने का मौका मिलेगा। आज आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे।

***मीन :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। नौकरी में पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यालय में आपकी कड़ी मेहनत को देखते हुए आपको सम्मानित किया जा सकता है। पहले की हुई गलती से दोस्तों से बिगड़े हुए रिश्तों में आज सुधार आएगा।

# बनाएं 'काजू की सब्जी'



काजू को ऐसे तो आपने कई दफा खाया होगा लेकिन क्या इसकी सब्जी कभी ट्राई की है? अगर नहीं, तो यहां जानें इसकी क्विक रेसिपी। जिसे आप फेस्टिवल के मौके पर कर सकते हैं ट्राय।

### सामग्री :

काजू - 200 ग्राम, प्याज - 2-3, टमाटर - 2, जीरा - 1 चम्मच, लॉन्ग - 2, इलायची - 2, दालचीनी - 1,

अदरक -लहसुन का पेस्ट - 2 चम्मच, हल्दी पाउडर - 2 चम्मच, गर्म मसाला - 1/2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर - 1/2 चम्मच, नमक -स्वादानुसार, कसूरी मेथी - 1/2 चम्मच, फ्रेश क्रीम - 1कप, घी - 3 चम्मच

### विधि :

- कड़ाही में घी गरम करें। इसमें काजू को अच्छी तरह से भून लें।
- अब कड़ाही में फिर से तेल गरम करें। उसमें हींग, जीरा, लॉन्ग, दालचीनी का तड़का लगाएं।
- अब इसमें प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।
- फिर इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और टमाटर डालकर पकाएं।
- सारे मिश्रण को अच्छी तरह मिक्स करें और साथ में नमक भी मिला दें।
- नमक मिलाने के बाद गैस बंद कर मिश्रण ठंडा होने दें। इसके बाद इसे मिक्सर में पीस लें।
- पीसने के बाद मिश्रण को कढ़ाई में डालें और फिर इसमें पानी मिला दें।
- भूने काजू भी पीस लें।
- इसके बाद एक कढ़ाई में तेल डालें और फिर इसमें गर्म मसाला, कसूरी मेथी और नमक डालकर भूनें।
- सब्जी को 10 मिनट अच्छे से भून लें।
- इसके बाद इसमें काजू डालें और फिर ऊपर से हरा धनिया डालकर गर्निश करें।


# शब्द सामर्थ्य- 224

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 223 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

# सू-दोकू- 224

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.223 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |